





# हिनौती गौधाम गौ संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती का दिव्यधाम बनेगा : शुक्ल

## उप मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक भवन सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 अप्रैल, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हिनौती गौधाम गौ संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती का दिव्य धाम बनेगा. गौधाम में 25 हजार गायों का आश्रय स्थल बनाया जा रहा है. इसी के साथ ही प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण केन्द्र भी बनाया जाएगा ताकि गाय के गोबर और अन्य प्रकल्पों के माध्यम से प्राकृतिक खेती का प्रदर्शन कर किसानों को अपने खेतों में प्राकृतिक खेती करने के लिए जागरूक किया जाएगा.**




उप मुख्यमंत्री ने गौधाम में नवनिर्मित प्रशासनिक भवन एवं जनभागीदारी से बनाई गई पानी की टंकी व अन्य निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया. उन्होंने प्राकृतिक खेती स्थल का भूमिपूजन भी किया. प्रशासनिक भवन का निर्माण 76 लाख रुपए की लागत से कराया गया है. लोकार्पण के उपरांत प्रशासनिक भवन के सभागार में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने गौधाम में निर्माणाधीन गौ शेड, भूसा शेड सहित अन्य कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली. उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराए जाएं. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने गत रात्रि गौधाम में ही विश्राम किया तथा सुबह भ्रमण के दौरान व्यवस्थाओं का अवलोकन कर इन्हें और सुदृढ़ तथा बेहतर बनाने के निर्देश दिए. उन्होंने गौ माता को गुड़ खिलाया. उप मुख्यमंत्री ने गौधाम परिसर में पंच पल्लव पीपल, अशोक, बरगद, आंवला एवं बेलपत्र के पौधे रोपे. उप मुख्यमंत्री रात्रि विश्राम के पूर्व गौधाम में रामचरित मानस पाठ में शामिल हुए तथा पूजा-अर्चना की. इस दौरान विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी उपस्थित रहे.

### उप मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण भवन का किया लोकार्पण

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा सुनियोजित विकास का सपना लेकर आगे बढ़ रहा है. सिंचाई की सुविधाओं, सड़कों के निर्माण एवं अधोसंरचना विकास के साथ ही अन्य विकास के सभी कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं. लोक निर्माण विभाग का अत्याधुनिक कार्यालय भवन विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए एक सौगात है. अच्छे कार्यालय में बैठकर वह बेहतर मन: स्थिति के साथ अधिक ऊर्जा से अपने कार्यों का संपादन कर सकेंगे. उप मुख्यमंत्री ने 350.16 लाख रुपए की लागत से मध्यप्रदेश पुनर्घनत्वीकरण योजना से निर्मित कार्यालय भवन का लोकार्पण किया. इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन में मुख्य अभियंता केके लक्षे ने कहा कि विभाग को भव्य और बेहतरीन भवन मिल गया है. कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पार्षद अनीता वर्मा, अमिता सिंह, ज्योति सिंह, राजीव शर्मा आदि मौजूद रहे.

# शहर में गैस की किल्लत से लोग परेशान पापुलर एजेंसी को नोटिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 अप्रैल, गैस की किल्लत जिले में कम होने का नाम नही ले रही है. प्रशासन भले ही बेहतर व्यवस्था का दावा कर रहा है पर मैदानी हकीकत यह है कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर नही मिल रहा है. नम्बर लगाने के बाद भी गैस एजेंसियां सिलेंडर देने में आना कानी करती है. पापुलर गैस सर्विस रीवा को डीलरसिप निलंबन की कार्यवाही के लिये नोटिस जारी किया गया है.**

गौरतलब है कि जिले में 29 गैस एजेंसियां है जहा से उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर मिलता है. सिलेंडर की मारामारी कम होने का नाम नही ले रही है. भले ही प्रशासन कह रहा है कि अब एलपीजी गैस की कोई किल्लत नही है पर मैदानी स्तर पर अभी भी उपभोक्ता कतार में सिलेंडर लेकर खड़े हो रहे है. नम्बर लगने के बाद उपभोक्ताओं के घरो तक गैस एजेंसियां सिलेंडर नही पहुंचाती और जब उपभोक्ता लेने जाते है तो आना कानी की जाती है. सबसे ज्यादा रीवा गैस एजेंसी में दिक्कत हो रही है, यहा उपभोक्ताओं को बराबर सुविधा नही मिल रही है. पापुलर गैस सर्विस के गोदाम में घरेलू सिलेंडर से गैस निकालने का मामला सामने आने के बाद तहसीलदार के अध्यक्षता में खाद, नापतौल विभाग का संयुक्त जांच दल गठित किया गया है जो पूरे मामले की जांच करेगा. साथ ही इंडियन आयल कम्पनी क्षेत्रीय मंडल कार्यालय जबलपुर द्वारा पापुलर इंडियन गैस एजेंसी के प्रोप्राइटर को डीलरसिप निलंबन की कार्यवाही के लिये नोटिस जारी किया गया है. इसके बाद कार्यवाही की गाज गिरेगी.

### पाइपलाइन से घर-घर पहुंचेगी गैस

रीवा शहर में स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा संचालित पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) सेवा का विस्तार किया जा रहा है. रीवा के दर्जनों मोहल्लों और कॉलोनियों में इस सेवा का सफल संचालन किया जा रहा है, जिसका लाभ अब लगातार अधिक क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को मिल रहा है. वर्तमान में रीवा के प्रमुख रहवासी क्षेत्रों जैसे नेहरू नगर, संजय नगर, इंदिरा नगर, तिलक नगर और बजरंग नगर में यह सुविधा पूरी तरह सक्रिय है. इसके साथ ही रतहरा, अरुण नगर, श्रीयुत नगर और अनंतपुर क्षेत्रों में भी पाइपलाइन के जरिए गैस की आपूर्ति की जा रही है. शेष मोहल्लो में भी पाइप लाइन से गैस घर-घर तक पहुंचाई जाएगी.

## संक्षिप्त



### प्रभारी मंत्री ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**मऊगंज,** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने पटेहरा ग्राम में सरदार पटेल की मूर्ति में माल्यार्पण किया तथा उन्हें नमन किया. इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र मिश्र, कलेक्टर संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे.



### निगम उपायुक्त से मिले व्यापारी

**रीवा,** विंध्य व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष नरेश काली द्वारा गांधी कॉम्प्लेक्स के व्यवसायियों की पीड़ा लेकर नगर निगम उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी से मुलाकात की गई. विगत 24-25 मार्च को नगर निगम अमले द्वारा कॉम्प्लेक्स की दुकानों में लगी अस्थाई सीढ़ियों को हटाकर जप्त कर लिया गया था, जिससे व्यापारियों का कारोबार पूरी तरह ठप हो गया है. इस मुलाकात में नरेश काली ने व्यापारियों की कठिनाइयों से अवगत कराया. उपायुक्त ने समस्या सुनी और पूर्ण आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द गाँधी कॉम्प्लेक्स के व्यापारियों की समस्या का निस्तारण किया जाएगा. इस अवसर पर विंध्य व्यापारी महासंघ रीवा के अध्यक्ष नरेश काली के साथ गांधी कांप्लेक्स के कई दुकानदार सहित अन्य पदाधिकारी एवं प्रभावित व्यापारी भी उपस्थित रहे.

### जेपी सेनानी कालिका सिंह आज रीवा आएंगे

**रीवा,** सन 1974 के बिहार आंदोलन के नेता जेपी सेनानी कालिका सिंह कैमूर से 7 मार्च को रीवा यात्रा पर आ रहे हैं. वे यहां लोकतंत्र सेनानी एवं समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक अजय खरे से ज्वलंत राजनीतिक एवं सामाजिक विषयों पर चर्चा करेंगे. समता सम्पर्क अभियान की एक प्रेस विज्ञप्ति में श्रवण प्रसाद नामदेव ने बताया कि जेपी सेनानी कालिका सिंह चाकघाट पहुंचकर जवा तहसील के पास स्थित बरौली पाण्डेन गांव में अस्वस्थ चल रहे समाजसेवी सुरेंद्रनाथ मांझी का हाल-चाल लेंगे और फिर बुधवार 8 मार्च को समता सम्पर्क अभियान, नारी चेतना मंच, समाजवादी कार्यकर्ता समूह और विंध्यांचल जन आदोलन के साथियों के साथ रखी गई कार्यकर्ता बैठक में शामिल होंगे.




### भाजपा कार्यालय का हुआ भूमि पूजन

**मऊगंज,** मऊगंज भाजपा कार्यालय का भूमि पूजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सोमवार को भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी के प्रदेश कार्यालय से वर्चुअली भूमि-पूजन किया. वहीं मऊगंज में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल, सांसद जनार्दन मिश्रा, विधायक गिरीश गौतम, प्रदीप पटेल, जिलाध्यक्ष ने विधि विधान से पूजा कर भूमि पूजन किया. भूमि पूजन के अवसर पर जिले भर के कार्यकर्ता साक्षी हुए. कार्यक्रम के दौरान पांच वरिष्ठ नेताओं का सम्मान भी किया गया. उपमुख्यमंत्री राजेंद्रशुक्ल.ने उपस्थित जनों को भाजपा स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी का स्थापना दिवस बहुत ही उत्साह और उमंग वाला दिन है. भाजपा का उद्देश्य अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है.

# त्योंथर सिविल अस्पताल के दीवार में चस्पा नोटिस, एक्स-रे फिल्म खत्म

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 अप्रैल, जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था लगातार लड़खड़ाती जा रही है. एक ओर जहा मरीजो के उपचार में लापरवाही सामने आती है वही दूसरी तरफ अस्पताल में एक्स-रे फिल्म तक नही है.**

जिले के त्योंथर सिविल अस्पताल की हालत बदहाल है. यहा एक्स-रे फिल्म न होने पर दीवार पर नोटिस चस्पा कर दी गई है. नोटिस खुद स्वास्थ्य अव्यवस्था की पोल खोल रही है. नोटिस में साफ लिखा है 'एक्स-रे फिल्म उपलब्ध नहीं है, कृपया मोबाइल फोन से रिपोर्ट प्राप्त करें, साथ ही दिनांक 01/04 का उल्लेख भी किया गया है. इस नोटिस से स्पष्ट है कि 1 अप्रैल से ही अस्पताल में एक्स-रे फिल्म खत्म है, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी प्रबंधन ने स्थिति सुधारने की कोई गंभीर कोशिश नहीं की. यह हालात सीधे तौर पर अस्पताल प्रशासन और बीएमओ की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हैं. मरीजों के लिए यह स्थिति बेहद कष्टदायक बन चुकी है. दूर-दराज से आने वाले लोग एक्स-रे जांच के लिए अस्पताल पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें सुविधा के नाम पर सिर्फ एक नोटिस थमा दिया जाता है. बुजुर्ग और ग्रामीण मरीजों के लिए 'मोबाइल से रिपोर्ट प्राप्त करें' जैसी व्यवस्था किसी मजाक से कम नहीं है. स्थानीय लोगो ने एक्स-रे फिल्म उपलब्ध कराने की मांग की है.

# मुख्यमंत्री से बंद कमरे में हुई चर्चा, विधायक ने बताया महज शिष्टाचार भेंट

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 अप्रैल, भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा विधायक सिद्धार्थ तिवारी 'राज' ने सोमवार को भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की.**



विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर भाजपा स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं. लगभग 20 मिनट तक चली इस बंद कमरे की मुलाकात में आगामी निगम-मंडल की नियुक्तियों को लेकर गंभीर चर्चा हुई. माना जा रहा है कि विधायक तिवारी ने विंध्य क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ताओं को इन महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारी देने और क्षेत्र के विकास में निगमों की भागीदारी बढ़ाने पर अपना पक्ष मजबूती से रखा. मुलाकात के दौरान विधायक श्री तिवारी ने मुख्यमंत्री का ध्यान त्योंथर के चाकघाट क्षेत्र में हुई भीषण ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश की ओर आकर्षित किया. उन्होंने बताया कि ओलों की मार से अन्नदाता की गेहूं और दलहन की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं. विधायक ने मांग की है कि प्रभावित किसानों के खेतों का तत्काल सर्वे कराकर उन्हें राहत राशि प्रदान की जाए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधायक के सुझावों और चाकघाट की समस्या पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए तत्काल जिला प्रशासन को ओलावृष्टि के सर्वे के निर्देश दिए. उन्होंने आश्वस्त किया कि निगम-मंडल की नियुक्तियों में भी विंध्य के प्रतिनिधित्व का पूरा ध्यान रखा जाएगा. श्री तिवारी ने बताया कि भाजपा के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री जी को बधाई देने गया था. यह एक सामान्य शिष्टाचार भेंट थी. इस दौरान क्षेत्र के विकास और चाकघाट में ओलावृष्टि से हुए नुकसान पर चर्चा हुई है.



आरओ वाटर एटीएम प्लांट का निरीक्षण करते महापौर अजय मिश्रा बाबा

# संजीवनी क्लीनिक अंधेरे में, मरीज परेशान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 अप्रैल, रीवा के स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है. शहर के बोदाबाग और विश्वविद्यालय क्षेत्र स्थित तीन शासकीय संजीवनी क्लीनिक (आरोग्य मंदिर) में बिजली कनेक्शन काटे जाने के बाद हालात बिगड़ गए हैं.**

बिजली बिल का भुगतान न होने के कारण बिजली विभाग ने कनेक्शन काट दिया, जिससे क्लीनिकों में अंधेरा छा गया. लाइट न होने की वजह से फ्रिज में रखे रेबीज के इंजेक्शन खराब होने का खतरा पैदा हो गया है, जो गंभीर चिंता का विषय है. वहीं, मरीजों को टॉर्च की रोशनी में डॉक्टरों द्वारा देखा जा रहा है, जिससे इलाज की व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं. चौंकाने वाली बात यह है कि सीएमएचओ रीवा को इस स्थिति की कोई जानकारी नहीं है. मामले को लेकर कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जांच के आदेश दिए हैं और पूरे प्रकरण को गंभीरता से लिया गया है. इस घटना ने स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी है.

# महापौर की अनूठी पहल, शहर को मिलेंगे आधुनिक आरओ वाटर एटीएम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 अप्रैल, शहरवासियों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महापौर अजय मिश्रा बाबा की अनूठी पहल के अंतर्गत स्थापित किए जा रहे आधुनिक आरओ वाटर एटीएम प्लांट का निरीक्षण महापौर ने किया.**

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि इस वाटर एटीएम प्लांट की कुल क्षमता 8000 लीटर है, जिसमें सीधे वाटर प्यूरीफायर के माध्यम से पानी को शुद्ध कर ठंडा किया जाएगा. साथ ही, 5000 लीटर क्षमता के टैंक के माध्यम से निरंतर जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी. आधुनिक तकनीक के माध्यम से सेंसर द्वारा सभी वाटर एटीएम के वाटर लेवल भी प्लांट में प्रदर्शित होंगे, जिससे जल आपूर्ति की निगरानी रखी जा सकेगी.नगर निगम द्वारा वर्तमान में शहर में 5 आरओ वाटर एटीएम प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं, जिनका 08 अप्रैल को महापौर द्वारा लोकार्पण किया जाएगा. इसके अतिरिक्त, शहर के विभिन्न स्थानों पर 7 नए प्लांट शीघ्र ही स्थापित किए जाएंगे. इस प्रकार शहर में कुल 12 आरओ वाटर एटीएम स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.

महापौर ने कहा कि नगर निगम रीवा द्वारा शहरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुलभ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस आरओ वाटर एटीएम स्थापित किए जा रहे हैं. यह पहल न केवल जनसुविधा को बढ़ाएगी, बल्कि गर्मियों के मौसम में राहगीरों और शहरवासियों को स्थायी शीतल जल भी मुहैया कराएगी.

उन्होंने कहा कि प्यूरीफाइड जल स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा. इस दौरान एमआईसी सदस्य रवि तिवारी, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, सहायक यंत्री अभिनव मौजूद रहे.

# पार्टी कार्यालय के साथ जिले भर में मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 अप्रैल, भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पार्टी कार्यालय सहित जिले भर में मनाया गया.**



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी. तबसे लेकर आज तक अपने असंख्य कार्यकर्ताओं की मेहनत एवं पार्टी की विचाराधारा व भारतीय जनता पार्टी की सरकारों के जनकल्याणकारी योजनाओं के बदौलत आज भारतीय जनता पार्टी विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल के रूप में उभरी है. गुढ विधायक नागेन्द्र सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक मात्र ऐसा दल है जहां पार्टी के अन्दर भी लोकतांत्रिक व्यवस्था है. यहां हर निर्णय लेने के पूर्व विभिन्न स्तर की प्रक्रियाओं से गुजर कर कार्यकर्ताओं के मन व भाव को समझ कर किये जाते है. इस अवसर पर पार्टी के विभिन्न व वरिष्ठ नेताओं में पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश्वर सिंह, विद्याप्रकाश श्रीवास्तव, राम सिंह, महाबली गौतम, पूर्व विधायक पंचूलाल प्रजापति, श्रीमती माया सिंह, श्रीमती ममता गुप्ता, राजेन्द्र पाण्डेय ने अपने विचार व अनुभव साझा किया. कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री व कार्यक्रम संयोजक उमाशंकर पटेल ने किया. कार्यक्रम में राजेन्द्र पाण्डेय, कमलेश्वर सिंह, विद्याप्रकाश श्रीवास्तव, राम सिंह, महाबली गौतम, रमेश गर्ग, देवराज सिंह आदि मौजूद रहे.

### टीएल बैठक आज

**रीवा, 6 अप्रैल**, रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 7 अप्रैल को सुबह 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय में टीएल पत्रों की समीक्षा करेंगे. बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, ई आफिस, एटीआर बिन्दुओं, संकल्प से समाधान अभियान, जल गंगा संवर्धन अभियान, पेयजल व्यवस्था, जल स्वावलंबी ग्राम, कलेक्टर, कमिश्नर कान्फ्रेंस के बिन्दुओं की समीक्षा की जाएगी.

# स्कूल की पानी टंकियां साफ कराने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 अप्रैल, कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जल संरक्षण और संवर्धन के लिए 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है.**

अभियान से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी इसमें सक्रिय भागीदारी निभाएं. जल संरक्षण के कार्यों, जल जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा अभियान की हर गतिविधि की प्रतिदिन रिपोर्ट पोर्टल पर दर्ज करें.

जिले के व्हाट्सएप ग्रुप में भी प्रतिदिन फोटो और कार्यों का विवरण अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं. जिला शिक्षा अधिकारी अभियान चलाकर सभी स्कूलों की पानी की टंकियों की साफ-सफाई कराएं. जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जल संरक्षण के अधूरे कार्यों को पूरा कराकर पूर्णता प्रमाण पत्र पोर्टल में अपलोड कराएं. वन मण्डलाधिकारी वृक्षारोपण की तैयारी के साथ-साथ वन्य जीवों के पेयजल के लिए जल संरचनाओं का निर्माण कराएं. बैठक में अधिकारीगण मौजूद थे.



# टीकाकरण से जुड़ी भ्रांतियों को दूर कर लक्ष्य पूरा कराएं : प्रतिभा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 अप्रैल, कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने एचपीवी टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा की. कलेक्टर ने कहा कि किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी टीके नि:शुल्क लगाए जा रहे हैं.**

विश्व भर में सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सबसे कारगर उपाय एचपीवी टीका ही है. मैंने स्वयं भी यह टीका लगवाया था. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा बीएमओ जिले भर में जागरूकता अभियान चलाकर एचपीवी टीकाकरण से जुड़ी भ्रांतियों को दूर कराएं. यह टीका पूरी तरह से सुरक्षित और कारगर है. जिले में अब तक चार हजार से अधिक किशोरियों को यह टीका लगवाया जा चुका है. इनमें से किसी को भी कोई कठिनाई नहीं हुई है. टीका लगवाने वाली किशोरियों तथा उनके अभिभावकों के अनुभव सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से आमजनता में पहुंचाएं. सही जानकारी होने पर हर माता-पिता अपनी बेटी को सर्वाइकल कैंसर जैसी घात्क बीमारी से बचाने के लिए यह टीका अवश्य लगवाएंगे. बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, एडीएम श्रीमती सपना त्रिपाठी मौजूद रही.